# भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2023-24

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा-8th-2nd Lang | विभाग: हिंदी | Date – 21.02.24 |
| CONSOLIDATED GRAMMAR | FINAL EXAM- व्याकरण | Note: Pl. file in portfolio |

**नाम: ____________________ अनुभाग: ______ अनुक्रमांक: ______ दिनांक: ___________**

## 1.वर्ण विच्छेद

(क)वर्ण-विच्छेद कीजिए

1.आश्रित -

2.सुखपूर्वक -

3.स्थानीय -

4.प्रतिज्ञा -

5.सुरक्षित -

6.सृजन -

7.भौगोलिक -

8.संस्कृति -

9.स्वास्थ्य -

10.शोभित -

(ख)निम्नलिखित वर्ण-विच्छेदों से शब्द बनाइए-

1- व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ =

2- आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ =

3- उ + त् + त् + ई + र् + ण् + अ =

4- अ + न् + ए + क् + अ =

5- म् + उ + ट् + ठ् + ई =

6.व् + इ + ष् + ऐ + ल् + आ =

7.भ् + उ + ज् + अं + ग् + अ =

8.म् + ए + ह् + अ + म् + आ + न् + अ =

9.श् + ई + त् + अ + ल् + अ + त् + आ =

10.न् + य् + ओ + छ् + आ + व् + अ + र् + अ =

## 2.पर्यायवाची शब्द

1-अहंकार = घमंड, अभिमान

2-इच्छा = चाह, कामना

3-गहना = आभूषण, ज़ेवर

4-कोष = खज़ाना, निधि

5- पथिक = राही, यात्री

6- पवित्र = पावन, शुचि

7- राक्षस = दानव, असुर

8- रावण = दशानन, लंकेश

9- सवेरा = सुबह, प्रात:

10-हिरन = मृग, सारंग

11-साँप = सर्प, नाग

12- बाल = केश, अलक

## 3. विलोम शब्द

1.प्राचीन x नवीन

2.अल्पायु x दीर्घायु

3.दृश्य x अदृश्य

4.निरक्षर x साक्षर

5.महात्मा x दुरात्मा

6.पक्ष x विपक्ष

7.उन्नति x अवनति

8.सुलभ x दुर्लभ

9.आदर x अनादर

10.उचित x अनुचित

## 4 & 5- अनुस्वार & अनुनासिक

1. आनद
2. आख
3. गाव
4. शाति
5. जहागीरी

16.बाए

17.महगाई

18.झाकना

19.व्यजन -

20.पूछ

6. सग्रह
7. गाथाए
8. अगड़ाई -
9. मत्री
10. तरग
11. शख
12. आगन
13. कघा
14. तुरग
15. ककड़
21. गगा
22. ऊट
23. यहा
24. सवाद
25. कण्ठ
26. आरम्भ-
27. गाव
28. लडकिया
29. कुण्डली
30. कापना

## 6.गुण संधि

**नियम-1**

ह्रस्व (अ) या दीर्घ (आ) के बाद किसी भी ढंग से इ या ई आए तो संधि करने पर 'ए' हो जाएगा | जैसे -

अ+इ=ए- नर+इंद्र= नरेंद्र      अ+ई=ए- नर+ईश= नरेश

आ+इ=ए- महा+इंद्र= महेंद्र      आ+ई=ए- महा+ईश= महेश

**नियम-2**

ह्रस्व(अ) या दीर्घ (आ) के बाद किसी भी ढंग से उ या ऊ आए तो संधि करने पर 'ओ' हो जाएगा । जैसे -

अ+उ =ओ = ज्ञान + उपदेश= ज्ञानोपदेश

आ+उ=ओ = महा+उत्सव= महोत्सव

अ+ऊ=ओ = जल+ऊर्मि= जलोर्मि

आ+ऊ=ओ = महा+ऊर्मि= महोर्मि

**नियम-3**

ह्रस्व (अ)या दीर्घ (आ) के बाद ऋ आए तो संधि करने पर 'अर्' हो जाएगा|

जैसे - अ+ऋ= अर्= देव+ऋषि = देवर्षि

आ+ऋ=अर्= महा+ऋषि = महर्षि

**अभ्यास कार्य**

**संधि कीजिए-**

1- सूर्य + उदय =

2- महा + उत्सव =

3- लोक + उक्ति =

4- वीर +उचित =

5- पर + उपकार =

6- राजा + ऋषि =

**संधि-विच्छेद कीजिए -**

1. यथेष्ट =

2.ज्ञानोपदेश =

3. सर्व + उत्तम =

4. नरेंद्र =

5.शुभेच्छा =

6.चंद्रोदय =

7.राजेश =

## 7.विराम-चिह्न

| नाम | चिह्न |
|---|---|
| **1.पूर्णविराम (FULL STOP)** | । |
| **2.अर्द्ध विराम (SEMI COLON)** | ; |
| **3.अल्प विराम (COMMA)** | , |
| **4.उपविराम (COLON)** | : |
| **5.प्रश्नवाचक चिह्न (QUESTION MARK)** | ? |
| **6.विस्मयवाचक चिह्न (SIGN OF EXCLAMATION)** | ! |
| **7.योजक / विभाजक (HYPHEN)** | - |
| **8.निर्देशक (DASH)** | -- |
| **9.अवतरण / उद्धरण चिह्न (INVERTED COMMA)** | '…' "…." |
| **10.विवरण चिह्न ((COLON DASH)** | :- |
| **11.कोष्ठक (BRACKETS)** | ( ) { } [ ] |
| **12.हंसपद / त्रुटिपूरक (CORRECTION MARK)** | ^ |
| **13.लाघव चिह्न (SIGN OF ABBREVIATION)** | ॰ |

## अभ्यास कार्य

## निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए-

1.माँ ने पूछा ये आम अमरूद और जामुन कहाँ से लाया

उ.माँ ने पूछा, "ये आम, अमरूद और जामुन कहाँ से लाया ?"

2.वाह कितना सुंदर दृश्य है

उ.वाह ! कितना सुंदर दृश्य है ।
3.सदैव आगे बढ़ते रहो रुकना मृत्यु का नाम है
उ. सदैव आगे बढ़ते रहो; रुकना मृत्यु का नाम है ।
4.मेरे पिताजी ने एम ए और पी एच डी की है
उ. मेरे पिताजी ने एम॰ए और पी॰एच॰डी की है ।
5.आपने उसे क्यों बुलाया
उ.आपने उसे क्यों बुलाया ?
6.छायावाद के चार प्रमुख कवि हैं प्रसाद निराला पंत तथा महादेवी
उ.छायावाद के चार प्रमुख कवि हैं–'प्रसाद', 'निराला', 'पंत' तथा 'महादेवी'।

## 8.वाक्य शुद्धि

**<u>सर्वनाम संबंधी वाक्य शुद्धि</u>**

1.तुम तुम्हारे घर जाओ ।
उ-तुम अपने घर जाओ ।
2.दूध में कौन पड़ गया है ?
उ-दूध में क्या पड़ गया है ?
3.हमारे को तुमसे कुछ काम है ।
उ- हमें तुमसे कुछ काम है ।
4.वह स्त्री को पुरस्कार मिला ।
उ- उस स्त्री को पुरस्कार मिला ।
5.अपने को यहाँ से जाने की कोई जल्दी नहीं है ।
उ- मुझे यहाँ से जाने की कोई जल्दी नहीं है ।
6 हमने हमारा भोजन समाप्त कर लिया है ।
उ- हमने अपना भोजन समाप्त कर लिया है ।
7.मेरी साड़ी तुमसे अच्छी है ।
उ-मेरी साड़ी तुम्हारी साड़ी से अच्छी है ।

**<u>कारक संबंधी वाक्य शुद्धि</u>**

1.बच्चे छत में खेलने लगे ।
उ-बच्चे छत पर खेलने लगे ।
2.आकाश पर चिड़िया उड़ रही थी ।
उ-आकाश में चिड़िया उड़ रही थी ।
3.राहुल ने अपना काम करना है ।
उ-राहुल को अपना काम करना है ।

4.वे अभी-अभी खाना खाए हैं ।
उ-उन्होंने अभी-अभी खाना खाया है ।
5.दस बजने को पंद्रह मिनट हैं ।
उ-दस बजने में पंद्रह मिनट हैं ।
6.वह देर में खाना खाता है ।
उ.वह देर से खाना खाता है ।
7.राजा दशरथ को चार पुत्र थे ।
उ.राजा दशरथ के चार पुत्र थे ।

**पुनरुक्ति दोष**

1. कश्मीर में कई दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं ।
उत्तर- कश्मीर में कई दर्शनीय स्थल हैं / कश्मीर में कई स्थल देखने योग्य हैं ।
2. - वह गुनगुने गरम पानी से स्नान करता है ।
उत्तर- वह गुनगुने पानी से स्नान करता है / वह गरम पानी से स्नान करता है ।
3. - छात्र स्कूल से वापस लौट आया ।
उत्तर- छात्र स्कूल से वापस आया / छात्र स्कूल से लौट आया ।
4. - कृपया हमारे घर आने की कृपा कीजिए ।
उत्तर- कृपया हमारे घर आइए / हमारे घर आने की कृपा कीजिए ।
5. - मुझे केवल पाँच रुपये मात्र दो ।
उत्तर- मुझे केवल पाँच रुपये दो / मुझे पाँच रुपये मात्र दो ।

## 9.मुहावरे

1.आग में घी डालना -(क्रोध को बढ़ाना)-पिता पहले से ही नाराज़ थे और तुम्हारी शिकायत ने तो आग में घी डाल दिया ।

2.कानोकान खबर न होना (बिलकुल खबर न होना) - बदनामी के डर से मेहता जी कब दिल्ली छोड़कर चले गए, किसी को कानों कान खबर नहीं हुई।

3.अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना (स्वयं अपने लिए मुसीबत पैदा करना)- राजू!उस गुंडे से दुश्मनी मोल लेकर तुम अपने पाँव पर कुल्हाड़ी क्यों मार रहे हो।

4.कलेजा ठण्डा होना (सुख-संतोष मिलना)- जब रवि की नौकरी लग गई तब उसकी माँ का कलेजा ठंडा हुआ।

5.कोल्हू का बैल (अत्यधिक परिश्रमी व्यक्ति)- धीरू हमेशा काम में ही लगा रहता है, वह तो कोल्हू का बैल है।

6-एक आँख न भाना (बिल्कुल अच्छा न लगना) राजेश का खाली बैठना उसके पिताजी को एक आँख नहीं भाता।

7.एड़ी चोटी का जोर लगाना - (किसी कार्य को करने के लिए कठिन परिश्रम करना) मोहन को
अपनी कक्षा में प्रथम आना था, इसलिए उसने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।

8-सिर धुनना (पछताना) - छात्र अपना खराब परीक्षाफल देखकर सिर धुनने लगा।

9-कान भरना (चुगली करना)- मोहल्ले की बूढ़ियाँ एक-दूसरे के विरुद्ध कान भरती रहती हैं।

10. बाएँ हाथ का खेल(बहुत आसान काम)-आजकल राजनीतिज्ञों के लिए क्षण-क्षण ज़बान बदलना बाएँ हाथ का खेल हो गया है ।

## 10.उपसर्ग

**निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए-**

1. अनु - अनुवाद, अनुशासन
2. अभि- अभियान, अभिनय
3. अति -अत्यधिक, अत्याचार
4. दुर्- दुर्गुण, दुर्घटना
5. प्र - प्रकृति, प्रबल
6. वि- विजय, विदेश
7. सु - सुकर्म, सुपुत्र
8. अ - अधर्म, अज्ञान
9. बे - बेइज्ज़त, बेक़सूर
10. बद- बदनाम, बदकिस्मत

## 11.प्रत्यय

| क्रमांक | प्रत्यय | मूल शब्द | प्रत्यय से बने शब्द |
|---|---|---|---|
| 1 | अक | पाठ,धाव | पाठक,धावक |
| 2 | कार | कहानी, कथा | कहानीकार, कथाकार |
| 3 | पा | बूढ़ा, मोटा | बुढ़ापा, मोटापा |
| 4 | इमा | लाल, काला | लालिमा, कालिमा |
| 5 | इन | माली,धोबी | मालिन, धोबिन |
| 6 | इका | गायक, नायक | गायिका, नायिका |
| 7 | त्व | देव, गुरु | देवत्व ,गुरुत्व |
| 8 | आना | साल, रोज़ | सालाना, रोज़ाना |
| 9 | नाक | खतरा, खौफ़ | खतरनाक, खौफ़नाक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | खोर | सूद,रिश्वत | सूदखोर,रिश्वतखोर |

## 12.वाक्यांश

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपने देश से दूसरे देश में सामान जाना | **निर्यात** |
| 2 | दूसरे देश से अपने देश में सामान आना | **आयात** |
| 3 | जो कभी न मरे | **अमर** |
| 4 | आज्ञा का पालन करने वाला | **आज्ञाकारी** |
| 5 | आँखों के सामने | **प्रत्यक्ष** |
| 6 | अभिनय करने वाला पुरुष | **अभिनेता** |
| 7 | अनुचित या बुरा आचरण करने वाला | **दुराचारी** |
| 8 | अपना हित चाहने वाला | **स्वार्थी** |
| 9 | अपने देश से प्यार करने वाला | **देशभक्त** |
| 10 | ऊपर कहा हुआ | **उपर्युक्त** |
| 11 | ईश्वर में आस्था रखने वाला | **आस्तिक** |
| 12 | एक भाषा की लिखी हुई बात को दूसरी भाषा में लिखना | **अनुवाद** |
| 13 | एक महीने में होने वाला | **मासिक** |
| 14 | एक सप्ताह में होने वाला | **साप्ताहिक** |
| 15 | कम जानने वाला | **अल्पज्ञ** |
| 16 | कम बोलनेवाला | **मितभाषी** |
| 17 | कम अक्ल वाला | **अल्पबुद्धि** |

| | | |
|---|---|---|
| **18** | किसी के बाद उसकी संपत्ति प्राप्त करने वाला | **उत्तराधिकारी** |
| **19** | कुछ जानने या ज्ञान प्राप्त करने की चाह | **जिज्ञासा** |
| **20** | जिस पर विश्वास न किया जा सके | **अविश्वसनीय** |

## 13.अनेकार्थी शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अंक | संख्या, गोद |
| 2 | उत्तर | दिशा विशेष, जवाब |
| 3 | कनक | सोना, गेहूँ |
| 4 | अंबर | आकाश, वस्त्र |
| 5 | अरुण | लाल रंग, सिंदूर |
| 6 | कर | हाथ, टैक्स |
| 7 | पत्र | चिट्ठी, पत्ता |
| 8 | तीर | किनारा, बाण |
| 9 | घट | घड़ा, शरीर |
| 10 | मत | वोट, नहीं |
| 11 | नाग | सर्प, हाथी |
| 12 | आम | एक फल, साधारण |